भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

विज्ञापन क्रमांक: 02/युवा पेशेवर-II/एनसीडी /2025-26 **दिनांक:19/09/2025**

# रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआर एनसीडी प्रभाग के अंतर्गत कार्य-प्रबंधन के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर **एक परामर्शक (वैज्ञानिक) और दो युवा पेशेवर-II** की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

**अनिवार्य अर्हकताएं एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:**

| 1 | **पदनाम** | **परामर्शक**(वैज्ञानिक/तकनीकी-गैर-चिकित्सा) |
|---|---|---|
| | **रिक्तियों की संख्या** | 1(एक) (अनारक्षित) |
| | **अनिवार्य अर्हकताएं और अनुभव** | मानव विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/जनसंख्या विज्ञान/जनस्वास्थ्य/महामारी विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ योग्यता अर्जित करने के बाद का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव।<br>**नोट: 1**.पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के रुप में माने जाने पर विचार किया जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।<br>**2.** एमपीएच को किसी भी अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।<br>**या**<br>अपेक्षित योग्यता रखने वाले सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी, जो नियमित वेतन स्तर-10 और उससे ऊपर के वेतन स्तर और जिनके पास अपेक्षित विशेषज्ञता में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो। |
| | **वांछनीय** | • स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान/कार्यान्वयन/प्रचालन अनुसंधान में कार्य करने का अनुभव।<br>• गहन विश्लेषणात्मक, समस्या-समाधान और परियोजना/ प्रशासनिक प्रबंधन दक्षता।<br>• डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों के उपयोग में क्षेत्रीय टीमों को प्रशिक्षित और सहायता करने की क्षमता।<br>• प्रमाणित प्रकाशन रिकॉर्ड।<br>• सौंपें गए कार्य से संबंधित यात्रा/फिल्ड की गतिविधियों में इच्छुक।<br>• गुणात्मकता और मात्रात्मकता आकडों का संग्रह, उपकरणों और विश्लेषण का अनुभव। |
| | **पारिश्रमिक** | ₹1,00,000-1,80,000/- प्रति माह (समेकित) - यह चयन समिति द्वारा शैक्षिक योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर तय किया जाएगा। |
| | **आयु-सीमा** | 40 से 70 वर्ष |
| | **कार्यकाल** | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य-स्थल** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| **2.** | **पदनाम** | **युवा पेशेवर-II** (तकनीकी/वैज्ञानिक) |
| | **रिक्तियों की संख्या** | 2(दो) (अनारक्षित) |
| | **अनिवार्य अर्हकताएं और अनुभव** | मानव विज्ञान/सामाजिक विज्ञान/जनसंख्या विज्ञान/सार्वजनिक स्वास्थ्य में कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर और संबंधित क्षेत्र में योग्यता अर्जित करने के बाद एक वर्ष का अनुभव। |
| | **वांछनीय** | • अनुसंधान एवं कार्यक्रम गतिविधियों से संबंधी कार्यालय में समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>• वैज्ञानिक पांडुलिपि लेखन का पूर्व अनुभव।<br>• शोध कार्य, परियोजना से संबंधित पूछताछ और अन्य प्रशासनिक कार्यों के सहायता हेतु परियोजना निधि का प्रबंधन करना,मंजुरी देना और राशि जारी करना।<br>• वर्चुअल मीटिंग प्लेटफ़ॉर्म, लेखा-परीक्षा, कार्यालय प्रशासन और लेखा/वित्त एवं लेखा (F&A) और कंप्यूटर कौशल (एमएस वर्ड /एक्सेल/पॉवर पॉइट आदि) का ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| | **समेकित परिलब्धियाँ** | रु. 42,000/- (समेकित) |
| | **आयु सीमा** | 40 वर्ष |
| | **कार्यकाल** | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य-स्थल** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में अपना आवेदन, अपनी योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ **30.09.2025** तक ई-मेल **recruit.icmr@gmail.com** पर भेज सकते हैं। देर से/विलंबित/अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी कारण, सूचना या पत्राचार के तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय पर प्रस्तुत करें।

**सामान्य शर्तें और निबंधन:-**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजनाओं की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अत: आईसीएमआर सभी विज्ञापित पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है और यह प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द/संशोधित की जा सकती है।
4. आयु सीमा की कट-ऑफ तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख होगी।
5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. योग्यता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम अर्जित योग्यता करने के बाद का अनुभव होना चाहिए।
7. केवल अर्जित योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के तहत पहले से ही नियमित समय-वेतनमान में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

10 आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित मानी जाएगी।
12. नियुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति सामान्यतः आईसीएमआर मुख्यालय में की जाएगी; हालाँकि, उन्हें किसी भी स्थान पर नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
13. उपर्युक्त पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा **नहीं** होगा और आईसीएमआर में किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं/सेवा में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे कार्यभार सौंपने या स्थानांतरण या नियुक्ति/समावेशन/ नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। उपरोक्त पदों पर भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं आदि के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।.
14. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः आवश्यकताओं के आधार पर, प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त पदों पर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा।
15. आईसीएमआर कोई कारण बताए बिना सहमत संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी पदों को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. इन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार देय होगी।
17. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, अपनी नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ, विस्तृत बायोडाटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेज़ों के साथ, जो **स्व-सत्यापित** हों, अपनी शैक्षिकण योग्यता [दसवीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाणपत्र और अंकतालिकाएँ], कार्य अनुभव, आयु, जाति और **फोटो पहचान पत्र** [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करना होगा। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
20. किसी भी रूप में दवाब डालना अयोग्यता मानी जाएगी।
21. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी, यदि कोई हो, केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट: https://www.icmr.nic.in देखें।

(श्री दिनेश सोनी)
वरि. प्रशासन अधिकारी

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029

# INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH Ansari Nagar, New Delhi- 110029

**पूर्णतः संविदा आधार पर युवा पेशेवर-II की नियुक्ति के लिए आवेदन**

Application for engagement of Young Professional-II purely on contract basis

## आवेदन-पत्र

## Application Form

| नवीनतम फोटोग्राफ/ Latest Photograph |
|---|

आवेदित पद/Position applied for...............................................................................

विज्ञापन संख्या/Advertisement No......................................................................

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में)/Name(IN BLOCK LETTERS)....................................................
   ..............................................................................................................................
2. पिता का नाम/Father'Name...........................................................................................
3. जन्म-तिथि /Date of Birth ..........................................................................................
4. वर्तमान आयु(27.08.2025)............................वर्ष............................माह..................दिन.........
   Present Age (as On 27.08.2025.......................year..........................month...................day..............
5. लिंगः/Sex:...............................................................................
6. श्रेणी: सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग/
7. Category: GEN/SC/ST/OBC/PH
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र का साक्ष्य संलग्न करें)
   (Enclose proof of caste certificate issued by the competent authority)
8. पत्राचार का पता/Address for Correspondence.................................................................
   ..............................................................................................................................
9. स्थायी पता/Permanent Address...........................................................................
   ..............................................................................................................................
10. मोबाइल नं. ...........................................................................................
11. ईमेल-आईडी ..........................................................................................
12. शैक्षिक अर्हकताएं Educational Qualifications

[सभी उत्तीर्ण शैक्षणिक परीक्षाओं और प्राप्त डिग्रियों का विवरण (मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षाओं से शुरू)। सभी प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें]

[Particulars of all academic examinations passed and degree obtained (commencing with the Matriculation or equivalent examinations).Attach self-attested copies of all certificates]

| क्र. सं. Sl. No. | उत्तीर्ण परीक्षा Examination passed | बोर्ड/विश्वविद्यालय Board/ University | उत्तीर्ण वर्ष Year of passing | अध्ययन के विषय Subject Studied | अकों का प्रतिशत %of marks |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अनुभव (वर्तमान नियोक्ता से शुरू करते हुए कालानुक्रमिक क्रम में)
Experience (in chronological orders starting from the present employer)

| क्रं.सं S.No. | नियोक्ता का नाम Name of the Employer | पद Post | कर्तव्यों का स्वरुप Nature of duties | नियुक्ति की तारीख Date of joining | छोड़ने की तारीख Date of Leaving |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12.कोई अन्य सूचना/ Any other information………………………..………………………………………………..

**घोषणा/DECLARATION**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर गलत या असत्य पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना या किसी भी मुआवजे के रद्द/समाप्त की जा सकती है। I hereby declare that the information furnished above is true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. I understand that in the event of any of the information provided by me are found false or incorrect at any stage, my candidature/appointment shall be liable for cancellation/termination without notice or any compensation in lieu thereof.

स्थान:/Place:

दिनांक:/Date:

(आवेदक के हस्ताक्षर)/
(Signature of the candidate)

**संलग्नक: सभी प्रमाणपत्रों/प्रशंसापत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियां**
**Enclosures: Self-attested copies of all certificates/testimonials**